# बिल्डरों पर एक्शन लेने के लिए शासन से अनुमति मिली

**केस टू केस स्टडी कर बोर्ड में प्रस्ताव लाएंगे, साढ़े पांच हजार करोड़ बकाया है**




**नोएडा।** नोएडा में बिल्डरों के पास बकाया जमा करने की डेडलाइन समाप्त हो चुकी है। प्राधिकरण ने 43 डेवलपर को नोटिस जारी किया था। जिसमें से कुछ का जवाब आया है। अधिकांश का जवाब पैसे जमा करने को लेकर आया है। हालांकि प्राधिकरण राहत देने के मूड में नहीं है। ऐसे डेवलपर जिन्होंने राहत पैकेज पर न तो सहमति दी थी और न ही पैसा जमा किया था। उनके लिए प्राधिकरण ईओडब्ल्यू में लैटर लिख चुका है। सबसे पहले बोर्ड में इन बिल्डरों की फाइल रखी जाएगी। इनका भूखंड आवंटन तक रद्द किया जा सकता है।

प्राधिकरण के एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण ने बकायदारों से राहत पैकेज हटाने का प्रस्ताव बोर्ड में गया था। शासन के अप्रूवल का इंतजार था। नियमानुसार एक्शन लेने का अप्रूवल मिल गया है। डेवलपर की फाइलों को केस टू केस देखा जाएगा। प्रत्येक केस पर क्या निर्णय लिया जाएगा ये बोर्ड तय करेगा। आगामी बोर्ड में सभी केस की स्टडी करके प्रस्ताव लाया जाएगा। बता दे बिल्डर पर करीब साढ़े पांच हजार करोड़ का बकाया है।

### अमिताभ कांत समिति की सिफारिश लागू

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के तहत यूपी सरकार ने 21 दिसंबर 2023 को शासनादेश जारी किया था।

इसके बाद प्राधिकरण ने पहले चरण में उन 57 बिल्डर परियोजनाओं को शामिल किया, जिनका किसी न्यायालय में मामला विचाराधीन नहीं था। मार्च-अप्रैल 2024 से बिल्डरों ने बकाया जमा करवाना शुरू कर दिया था।

### 5.5 हजार करोड़ का है बकाया

अधिकारियों ने बताया कि 57 में से जिन 35 बिल्डरों ने कुल बकाया में से 25 प्रतिशत राशि जमा की है, वह आगे किस्तें नहीं दे रहे, जबकि 100 करोड़ रुपए तक के बकायादार को एक साल में पूरी राशि जमा करनी थी। इनके अलावा 12 परियोजना के बिल्डरों ने कुछ-कुछ बकाया राशि जमा की है। 10 परियोजना के बिल्डरों ने कोई बकाया जमा नहीं किया।

### बोर्ड में लिया गया था निर्णय

इस महीने हुई बोर्ड बैठक में प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक कुमार ने आदेश दिया था कि बिल्डरों को बकाया जमा करने के लिए 31 अक्टूबर तक का अंतिम समय दिया गया था। अगर इस दौरान भी बिल्डर बकाया जमा नहीं करते हैं तो उनको दिया राहत पैकेज समाप्त कर दिया जाए। प्राधिकरण ने राहत पैकेज के अंतर्गत कोविड काल के दौरान दो साल का जीरो पीरियड और एनजीटी के आदेश के तहत अलग भी जीरो पीरियड का लाभ दे रखा है। अब इस मामले में शासन से अप्रूवल आ गया है।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों और पुलिस के बीच झड़प

**यमुना प्राधिकरण के खिलाफ तीन माह से चल रहा धरना उग्र**



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे स्थित फलेदा कट पर भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) का तीन महीने से चल रहा धरना बुधवार को उग्र हो गया। यमुना प्राधिकरण के खिलाफ किसानों की लंबित मांगों का समाधान न होने पर करीब 27 किसान संगठनों ने बीकेयू (लोक शक्ति) का समर्थन किया।

बुधवार दोपहर हजारों की संख्या में किसान संगठन के कार्यकर्ता एक्सप्रेसवे के रास्ते धरना स्थल की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और झड़प हुई। तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद, किसान पुलिस की रोक को पार कर धरना स्थल तक पहुंचने में सफल रहे।

किसान लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह ने आरोप लगाया कि प्रशासन और पुलिस उनके शांतिपूर्ण आंदोलन को समाप्त कराने के लिए दबाव बना रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान अपनी समस्याओं का समाधान होने तक पीछे नहीं हटेंगे और अनिश्चितकालीन धरना जारी रखेंगे।

किसानों की प्रमुख मांगों में यमुना प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित भूमि के लिए उचित मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार से जुड़ी समस्याओं का समाधान शामिल है। समाचार लिखे जाने तक, बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर डटे हुए थे और पुलिस प्रशासन स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहा था।

## ग्रेटर नोएडा में ट्रैक्टर-बाइक टक्कर, एक की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर शाम हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका साला गंभीर रूप से घायल हो गया। यमुना नदी के बांध पर हुए इस हादसे में एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी थी। मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बुधवार दोपहर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मथुरा निवासी लवकुश अपने साले सोनवीर (हाथरस निवासी) के साथ बाइक पर जा रहे थे। इसी दौरान अट्टा फतेहपुर निवासी रिज़वान अपने ट्रैक्टर में रोटावेटर लगाकर उसी रास्ते से गुजर रहा था। आरोप है कि रिज़वान ने तेज गति और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान लवकुश की मौत हो गई। सोनवीर का ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। लवकुश और सोनवीर मकनपुर गांव में किराए पर रहते थे और ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में कार्यरत थे।

# नोएडा में ई कॉमर्स माल चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार



**नोएडा।** फ्लिपकार्ट की गाड़ी से सामान चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन बदमाशों को फेज-1 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 20 लाख रुपए का मॉल बरामद किया गया। इनके नाम संजय खान, जितेन्द्र सिंह और लोकेश है। इन तीनों को सेक्टर-14 के नाले के पास से गिरफ्तार किया गया। ये लोग चोरी के मॉल को बेचकर पैसा कमाते है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि पूछताछ करने पर बदमाशों ने बताया कि करीब एक महीने पहले 9 अक्टूबर को चिराग ट्रांसपोर्ट की गाड़ी में से फ्लिपकार्ट का सामान कालिंदी कुंज के पास से चोरी किया था। जिनमें अलग-अलग कंपनियों के जूते चप्पल, शैम्पू , परफ्यूम, रजाई, टूथपेस्ट व अन्य सामान शामिल था। चोरी का सामान अलग-अलग स्थानों पर बेचकर पैसा कमा रहे थे। अलग-अलग स्थानों पर जाकर बेचकर लाभ कमाते है। 2 नवंबर को इनके तीन साथियों अनूप , राहुल और यश को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

इनके पास से एक पुराना लैपटॉप और दो प्रिंटर बरामद किया गया था। ये लोग वॉट्सऐप कॉल पर बात करते है। साथ ही लोगों को डराने के लिए अपने पास चाकू रखते है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि इस गैंग का सरगना संजय खान है। ये लोग चोरी के मॉल को दूसरी गाड़ियों में ट्रांसफर करके फिर एरिया वाइस मॉल को बेचते थे। इस गिरोह में 12 लोग शामिल है। जिसमें तीन पहले गिरफ्तार हो चुके थे। उनकी निशानदेही पर तीन और लोग गिरफ्तार किए गए।

# नोएडा में गूगल मैप के साथ दिखेगी स्पीड लिमिट

**डीजीपी ने किया वर्चुअल शुभारंभ, सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी**

**नोएडा।** अक्सर रोड एक्सीडेंट का कारण हाईस्पीड निकल कर सामने आता है। इन हादसों को कम करने के लिए नोएडा पुलिस ने गूगल मैप पर स्पीड लिमिट इंटीग्रेशन प्रणाली की शुरुआत की। जिसके जरिए लोगों को गूगल पर कार की स्पीड लिमिट दिखेगी साथ ही रोड की स्पीड लिमिट का भी पता चल सकेगा। वाहन की स्पीड ज्यादा होने पर ये प्लेटफार्म आपको वॉर्निंग भी देगा। ऐसे में लोग नीयत स्पीड से चलेंगे और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

इसका शुभारंभ नोएडा पुलिस मुख्यालय में वर्चुअल रूप से पुलिस महानिदेशक उप्र राजीव कृष्ण ने किया। सीपी लक्ष्मी सिंह ने कहा कि यह पहल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था में सुधार करने व चालकों में स्वअनुशासन विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तकनीक में और भी कार्य किए जाएंगे। फिलहाल अभी रोड स्पीड लिमिट के साथ वास्तविक वाहन की स्पीड दोनों को से दिखाएगा।

# प्राधिकरण ने ग्रेनिटेट गेट के 3 टावर 10 दुकान सील

**702 करोड़ रुपए है बकाया, 31 टावर में 4018 यूनिट हैं स्वीकृत, लीज की शर्तों का किया उल्लंघन**



**नोएडा।** प्राधिकरण ने बकाया जमा नहीं करने पर ग्रेनिटेट गेट प्राइवेट लिमिटेड के 3 टावर और 10 दुकानों को सील कर दिया है। बिल्डर पर 11 जनवरी 2019 से जून 2025 तक 702.59 करोड़ का बकाया है। ये परियोजना नोएडा के सेक्टर-110 में भूखंड संख्या जीएच-5 पर है। प्राधिकरण ने बताया कि परियोजना के लिए बिल्डर को 1 लाख 64 हजार 120 वर्गमीटर जमीन का आवंटन दिसंबर 2019 में किया गया था। परियोजना में कुल 31 टावर है। जिसमें 4018 यूनिट स्वीकृत हैं।

प्राधिकरण ने बताया कि बार बार नोटिस जारी करने के बाद भी बिल्डर ने बकाया जमा नहीं कराया। यही नहीं पास कराए गए मानचित्र की वैलिडिटी समाप्त होने के बाद भी निर्माण कार्य जारी रखा गया। लीज डीड की शर्तों का उल्लंघन है। इस कारण पहले भी 3 टावर सील किए गए थे। प्राधिकरण ने बताया कि डेवलपर ने मानचित्र के दोबारा वेलिडेशन के लिए फरवरी 2024 में आवेदन किया था। जिस पर प्राधिकरण ने आपत्तियों की एक सूची जारी की गई थी।

उच्च उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में प्राधिकरण सीईओ ने परियोजना में नियुक्त रेज्युलेशन प्रोफेशनल आरपी की सुनवाई की गई। 13 जून 2025 के माध्यम से आरपी को सूचित किया गया।

ऐसे में कारपोरेट इन सॉल्वेंसी रेज्युलेशन प्रोसेस शुरू होने की तारीख 11 जनवरी 2019 से 30 जून 2025 तक की कुल बकाया 702.59 करोड़ है।

यही नहीं आवंटी को निर्देश दिया कि जब तक मानचित्रों का वेलिडेशन नहीं होता तब तक स्थल पर निर्माण कार्य शुरू न किया जाए।

# आईपीएल क्रिकेटर विपराज निगम पर रेप का आरोप

**महिला बोली- शादी की बात पर पिटाई की, रूम से बाहर निकाला**



### महिला खिलाड़ी बोली- मैंने कभी ब्लैकमेल नहीं किया

महिला क्रिकेटर ने कहा, सबसे पहली बात तो जो उन्होंने मेरे खिलाफ जो भी मुकदमा लिखाया है, मैं चाहती हूं कि मुझे भी प्रूफ दिखे कि कहां पर मैंने उन्हें कभी ब्लैकमेल किया और कहां पर उन्हें परेशान किया है। जबकि मैंने कभी उन्हें परेशान नहीं किया। कभी कोई कंडीशन भी नहीं रखी। एफआईआर में वो जो बातें बोल रहे हैं कि लड़की की मांगे पूरी नहीं हो रहीं, तो मैंने कभी कोई मांगे नहीं रखी। उनकी मम्मी से भी जो भी मेरी बातचीत हुई, मेरे पास वो सारी रिकॉर्डिंग हैं। विपराज निगम की भी मेरे पास रिकॉर्डिंग हैं। इसलिए उनकी सारी बातें झूठी हैं।

**नोएडा।** यूपी के रहने वाले आईपीएल खिलाड़ी विपराज निगम पर एक महिला ने रेप करने और मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित महिला बुधवार को नोएडा में एसीपी ऑफिस पहुंची। उसने पुलिस अधिकारियों से विपराज की शिकायत की है।

महिला क्रिकेटर का दावा है कि विपराज ने उसे होटल में बुलाया और रेप किया।

शादी की बात करने पर विपराज नाराज हो गए। उन्होंने पीटना शुरू कर दिया। फिर धक्के देकर होटल के कमरे से बाहर कर दिया।

पीड़िता ने कहा- वह और विपराज जून 2025 से रिलेशन में हैं। इस मामले को लेकर महिला खिलाड़ी लखनऊ में भी पुलिस अधिकारियों से मिल चुकी है।

वहीं, विपराज निगम ने 9 नवंबर को बाराबंकी में एक महिला के खिलाफ केस दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि उन्हें इंटरनेशनल नंबरों से कॉल आई। महिला ने पैसों की डिमांड की।

कहा- अगर डिमांड्स पूरी नहीं हुईं तो वीडियो वायरल कर बदनाम कर दूंगी।

इस मामले में विपराज का पक्ष जानने के लिए फोन किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। वे एक ऑलराउंडर प्लेयर हैं। वे दिल्ली कैपिटल्स टीम से खेलते हैं। वह दाएं हाथ के बल्लेबाज और लेग ब्रेक गेंदबाज हैं।

### हैदराबाद की रहने वाली महिला क्रिकेटर

पीड़ित महिला खिलाड़ी हैदराबाद की रहने वाली है। वह उत्तर प्रदेश की क्रिकेट खिलाड़ी है।

नोएडा सेक्टर 126 के एक पीजी में रहती है। मई 2025 में सोशल मीडिया से विपराज निगम के संपर्क में आई थी।

पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया कि विपराज ने पहले दोस्ती की। फिर शादी करने का वादा किया। विपराज ने मुझे 29 जुलाई को फोन करके बोला था कि आप सेक्टर-135 के एक होटल में मुझसे मिलने आओ।

उनके कहने पर शाम 6 बजे मैं वहां गई थी। 9 बजे वहां से निकली थी। इस दौरान हमारे के बीच फिजिकल रिलेशन बने। फिर हम दोनों के बीच लड़ाई हुई थी। वो शादी करने से मना कर रहा था।

उसने मुझसे बोला था कि मैं तुम्हें ब्लॉक कर दूंगा, जिसके बाद मैं वहां पर रोने लगी और रूम से निकल नहीं रही थी। तो विपराज ने मेरे साथ मारपीट की और जबरदस्ती कमरे से बाहर निकाला।

फिर जैसे ही मैं रूम से बाहर निकली, वैसे ही मैंने आयुष बडोनी (लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी) को कॉल करके सारी बातें बताईं तो आयुष का रिस्पॉंस आया कि अभी मैं गुड़गांव में हूं। इस बारे में बात नहीं कर सकता हूं। आकर बात करते हैं।

# नोएडा एयरपोर्ट 15 दिसंबर से उड़ान शुरू हो सकती

**पीएम मोदी उद्घाटन करेंगे, 2026 तक इंटरनेशनल फ्लाइट मिलेंगी**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 15 दिसंबर से उड़ान शुरू करने की तैयारी है। इसको लेकर लगातार ट्रायल किए जा रहे है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि एयरपोर्ट उड़ान के लिए लगभग तैयार है।

रनवे पर सभी जरूरी रडार स्थापित हो चुके हैं। अब सिर्फ नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) की मंजूरी का इंतजार है। यह मंजूरी एयरोड्रम लाइसेंस के लिए अनिवार्य होगी। दावा किया जा रहा है कि 15 दिसंबर को एयरपोर्ट के रनवे से पहली यात्री विमान सेवा उड़ान भरेगी।

एयरपोर्ट का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। हालांकि अब तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। उम्मीद है नवंबर के अंत में इसका उद्घाटन कर सकते है। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है। वर्तमान में एयरपोर्ट पर ट्रायल किया जा रहा है।

टर्मिनल ट्रायल के दौरान यात्रियों की एंट्री से लेकर चेक-इन, सुरक्षा जांच, बोर्डिंग गेट और बैगेज हैंडलिंग तक पूरे सफर को दर्शाया गया है, जिसे प्रबंधन ने सफल बताया है। इस दौरान यात्रियों को बाकायदा बोर्डिंग पास देकर विमान तक पहुंचने के लिए रवाना भी किया गया।

### 2026 से इंटरनेशनल फ्लाइट

डोमेस्टिक और कार्गो के बाद 2026 की पहली तिमाही में यहां से इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू करने की योजना है। इससे ये एयरपोर्ट उप्र का दूसरा प्रमुख एविएशन हब बन जाएगा। ये दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पूरक होगा। बता दे इससे पहले प्रधानमंत्री ने 25 नवंबर तक एयरपोर्ट के सभी अधूरे काम पूरा करने के निर्देश दिए थे।

### 1.2 करोड़ मुसाफिर करेंगे सफर

एयरपोर्ट का पहला फेज संचालन के लिए तैयार किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रनवे, टर्मिनल भवन, और कार्गो सुविधाएं शामिल है। इस फेज में सालाना करीब 1.2 करोड़ मुसाफिर सफर करेंगे।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा के गांवों में आवारा कुत्तों का हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र के कई गांवों में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। कुत्तों के लगातार हमलों से ग्रामीण दहशत में हैं। डाढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर नारायण किशोर के अनुसार, दनकौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और डाढ़ा सीएचसी में रोजाना लगभग 150 लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। इन हमलों में राह चलते लोग, खासकर बच्चे और बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। खेरली भाव, समसपुर, नवादा, हतेवा, जुनेदपुर, कनारसी, देवटा, अस्तौली, मकनपुर और उस्मानपुर जैसे गांवों में कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकतर हमले देसी नस्ल के कुत्तों द्वारा किए जा रहे हैं, जो समूह बनाकर राहगीरों पर अचानक हमला कर देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। त्रिलोक नागर, ओमवीर समसपुर और गोविंद जैसे ग्रामीणों ने बताया कि कुत्ते इतने आक्रामक हो गए हैं कि वे अकेले व्यक्ति से भी नहीं डरते और सीधे हमला बोल देते हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं की, तो वे इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे।

## ग्रेटर नोएडा में निजी अस्पताल की दीवार गिरी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के गामा-1 सेक्टर में एक निजी अस्पताल में निर्माण के दौरान दीवार गिरने से सात मजदूर मलबे में दब गए। सभी मजदूरों को तत्काल सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना मंगलवार शाम की है। अस्पताल परिसर में वाटर टैंक खोदने का काम जेसीबी से चल रहा था। इसी दौरान अस्पताल की बाउंड्री वॉल अचानक अंदर की तरफ ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे सात मजदूर दब गए। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। साथी कामगारों ने शोर मचाकर पुलिस और फायर टीम को सूचना दी। बीटा-2 थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मलबा हटाकर सभी मजदूरों को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है बीटा-2 थाना प्रभारी विनोद कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वाटर टैंक खोदने के दौरान बाउंड्री वॉल गिरी थी, जिसमें सात मजदूर दब गए थे। उन्होंने पुष्टि की कि सभी मजदूरों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है और कोई कैजुअल्टी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## डबल मर्डर में दो पिस्टल, थार गाड़ी बरामद की

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की जारचा थाना पुलिस ने सैंथली गांव में हुए दोहरे हत्याकांड में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोज नागर उर्फ मनोज पहलवान और प्रिंस भाटी को पुलिस हिरासत रिमांड पर लेकर घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार और वाहन बरामद किए हैं। अभियुक्तों की निशानदेही पर दो देशी पिस्टल .30 बोर, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक काले रंग की महिंद्रा थार गाड़ी बरामद की गई है। पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर यह कार्रवाई पूरी की। यह मामला 20 अक्टूबर 2025 का है, जब सैंथली गांव में नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में अजयपाल और दिपांशु की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में मनोज नागर और प्रिंस भाटी मुख्य आरोपी थे। आरोपी मनोज नागर, जो ग्राम सादुल्लापुर, थाना इकोटेक-3 का निवासी है, का लंबा आपराधिक इतिहास है। उस पर हत्या, लूट, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट सहित 19 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, दूसरा आरोपी प्रिंस पुत्र बिरजू उर्फ ब्रजपाल, निवासी ग्राम सैंथली, के खिलाफ भी कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। जारचा कोतवाली पुलिस ने बताया कि दोनों अपराधियों से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## निठारी कांड का सह आरोपी सुरेंद्र कोली रिहा

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा के निठारी कांड का सह आरोपी सुरेंद्र कोली बुधवार देर शाम गौतमबुद्ध नगर जिला जेल से रिहा हो गया। अदालत से आखिरी लंबित मामले में बरी होने के बाद उसकी रिहाई की प्रक्रिया पूरी की गई। निठारी कांड वर्ष 2006 में नोएडा के निठारी गांव में सामने आया था। इस मामले में मुख्य आरोपी मोनिंदर सिंह पंधेर और उसके घरेलू नौकर सुरेंद्र कोली पर बच्चों के अपहरण, हत्या और नरभक्षण जैसे गंभीर आरोप लगे थे। कानूनी प्रक्रिया के दौरान कोली को कई मामलों में सजा सुनाई गई थी, हालांकि बाद में अधिकांश में अदालतों ने उसे बरी कर दिया। बुधवार को अंतिम मामले में बरी होने के आदेश जेल प्रशासन को मिले। इसके बाद देर शाम सुरेंद्र कोली को रिहा कर दिया गया। जेल सूत्रों के मुताबिक, कोली रिहाई से पहले तक साधारण बैरक में ही रहा और जेल में उसका आचरण सामान्य बताया गया। रिहाई के समय जेल प्रशासन ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से कोली की रिहाई को गोपनीय रखा गया था। करीब 18 साल जेल में बिताने के बाद सुरेंद्र कोली की रिहाई से निठारी कांड एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

## मिनी बसों को इसी हफ्ते सड़कों पर उतारने की तैयारी

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में दो माह से खड़ी नई मिनी बसों को रूट पर नहीं उतारा गया। अधिकारियों के अनुसार तकनीकी कारणों को दूर किया जा रहा है। इसी हफ्ते से बसें गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा के लिए चलनी शुरू हो जाएंगी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो को दस नई मिनी बसें मिली थीं। इनमें आठ बसें नोएडा और दो बसें ग्रेटर नोएडा डिपो को दी गई थी। दोनों डिपो में खड़ी यह बसें धूल फांक रही हैं, लेकिन इन्हें अब तक शुरू नहीं किया गया है।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि कुछ तकनीकी समस्याओं के चलते बसों की सुविधा शुरू नहीं हो सकी है। इस बारे में मुख्यालय से पत्राचार किया जा रहा है। इन तकनीकी समस्याओं के हल की दिशा में काम चल रहा है। यात्रियों को बसों की सुविधा जल्द मिलनी शुरू हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी हफ्ते से बसों को शुरू कर दिया जाएगा। 305 बसें हैं दोनों डिपो में नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में 305 बसें हैं। इसमें नोएडा डिपो में 188 और बाकी बसें ग्रेटर नोएडा डिपो में हैं। दोनों डिपो से कई शहरों के लिए बसों की सुविधा मिलती है। इसमें आगरा, मथुरा, मेरठ, एटा, कासगंज, बंदायू, लखनऊ, बरेली, सहारनपुर, बिजनौर, हरिद्वार, कोटद्वार, देहरादून समेत अन्य शहरों के लिए बस सेवा शामिल है।

## सीएमडी समेत 10 पर धोखाधड़ी का केस

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा निवासी कारोबारी ने बिल्डर कंपनी पर धोखाधड़ी कर 54 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सीएमडी समेत 10 के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कारोबारी विजेंद्र सिंह ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने बिल्डर की परियोजना में बिल्डिंग मटेरियल का सामान सप्लाई किया था। बिल्डर पर उनके 54 लाख रुपये बकाये रह गए। उन्होंने अपने रुपये मांगे तो बिल्डर के सीएमडी और अन्य लोगों ने प्रोजेक्ट में एक फ्लैट देने के लिए कहा। कारोबारी इस बात पर सहमत हो गए। इसके बाद बिल्डर की तरफ से कारोबारी को एक फ्लैट अलॉट कर दिया गया।पीड़ित ने बताया कि वह परिवार के साथ फ्लैट में रहने लगे। इस बीच उनको एक नोटिस आया, जिससे पता चला कि उनका फ्लैट पूर्व में किसी अन्य को बेचा जा चुका है। पीड़ित अपनी पत्नी के साथ इसकी शिकायत लेकर बिल्डर के ऑफिस पहुंचे तो वहां उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इसके बाद पीड़ित ने अपने रुपये वापस देने के लिए कहा। आरोप है कि बिल्डर ने 18-18 लाख रुपये के तीन चेक उन्हें दिए गए, लेकिन चेक बाउंस हो गए। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो बिल्डर के बाउंसर ने पीड़ित और उनकी पत्नी को मारपीट कर धक्का देकर दफ्तर से बाहर निकाल दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अब न्यायालय के आदेश पर सीएमडी अनिल कुमार के अलावा, शशांक, रामेश्वर दयाल और संजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



# प्रसूता की मौत पर हंगामा, डॉक्टर अस्पताल बंद कर फरार

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, ब्याज पर लाए गए बीस हजार भी गए बेकार



**पूरनपुर।** कस्बे के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत होने से हड़कंप मच गया। नाराज परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही डॉक्टर और स्टाफ अस्पताल बंद कर फरार हो गए।थाना सेहराम क्षेत्र के गांव चतीपुर निवासी मनोज कुमार की पत्नी पुष्पा देवी को मंगलवार शाम प्रसव के लिए कस्बे के बिजलीघर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी, जिस पर परिजन घबरा गए तो डॉक्टर ने जच्चा और बच्चा दोनों की जान बचाने की गारंटी दी। रात में ऑपरेशन के बाद पुष्पा ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन बुधवार सुबह उसकी हालत बिगड़ने लगी। डॉक्टर ने उसे भोजीपुरा रेफर कर दिया।परिजन उसे निजी एंबुलेंस से ले जा रहे थे, मगर रास्ते में शक होने पर उसे पीलीभीत के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पुष्पा को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर उसी निजी अस्पताल पहुंचे। खबर मिलते ही डॉक्टर और कर्मचारी अस्पताल बंद कर भाग निकले।

गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर नारेबाजी शुरू कर दी।सूचना पर सीएमओ आलोक शर्मा और कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।मृतका के भाई प्रदीप ने बताया कि ऑपरेशन से पहले डॉक्टर ने 20 हजार रुपये जमा करने को कहा था। बहनोई मनोज कुमार ने यह राशि ब्याज पर लेकर दी थी, फिर भी उनकी बहन की जान नहीं बच सकी।

परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में न तो पर्याप्त सुविधाएं थीं और न ही विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद थे।

### बाइक सवार टायर मिस्त्री से मारपीट, सात पर मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** मंगलवार शाम घर लौट रहे बाइक सवार टायर मिस्त्री पर सात लोगों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडों और धारदार हथियार से की गई पिटाई में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चार नामजद सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार, माधोटांडा निवासी हिफाजत खां पुत्र शराफत खां मंगलवार को किसी कार्य से पूरनपुर आए थे। शाम को जब वह बाइक से घर लौट रहे थे, तभी मंडी के पास गांव लोधीपुर निवासी फिरोज खां, अफरोज खां पुत्रगण ताबुद्दीन, सोयब खां पुत्र आजाद मोहम्मद, जीशान खां पुत्र कमरुद्दीन सहित तीन अन्य ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करने के बाद हिफाजत खां पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल हिफाजत को राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सातों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# बाघ के हमले से ग्रामीण की मौत, इलाके में दहशत

- पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज के पास खेत में मिला अधखाया शव
- वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुँची

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** पीलीभीत जनपद में एक बार फिर बाघ का आतंक देखने को मिला है। बुधवार सुबह बराही रेंज की नवदिया बीट से सटे ग्राम टांडा छत्रपति निवासी छोटेलाल (45 वर्ष) पुत्र खेमकरन पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

सुबह खेतों में काम करने गए ग्रामीणों ने छोटेलाल का अधखाया शव खेत में पड़ा देखा, जिसके बाद गांव में दहशत फैल गई।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुँच गए। रेंजर अरुण मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि शव की स्थिति से स्पष्ट है कि यह हमला बाघ का ही प्रतीत होता है।

टीम ने मौके से पगचिह्नों के नमूने लिए हैं और बाघ की मौजूदगी का पता लगाने के लिए क्षेत्र में सघन सर्च अभियान शुरू कर दिया गया है।घटना की जानकारी मिलते ही सीओ पूरनपुर प्रतीक दहिया और कोतवाल पवन कुमार पांडे भी घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ग्रामीणों में बाघ की बढ़ती गतिविधियों को लेकर आक्रोश और भय का माहौल है।

उनका कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में जंगली जानवरों की हलचल बढ़ी है, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाघ को जल्द से जल्द पकड़कर जंगल की ओर खदेड़ा जाए और गांव के आसपास गश्त बढ़ाई जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## पीलीभीत में 40 महिलाओं की सफल नसबंदी, स्वास्थ्य विभाग की बड़ी उपलब्धि

### न्यूरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ बृहद महिला नसबंदी शिविर

**पीलीभीत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, न्यूरिया में मंगलवार को आयोजित बृहद महिला नसबंदी शिविर में 40 महिलाओं ने नि:शुल्क नसबंदी की सुविधा प्राप्त की। यह शिविर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सहिष पाल के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर में जिला चिकित्सालय, बरेली से आए सर्जन डॉ. अविनाश चंद्र आनंद ने महिलाओं की नसबंदी की प्रक्रिया संपादित की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने उत्कृष्ट आयोजन के लिए केंद्र प्रभारी को बधाई दी और इसी प्रकार जनहित कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।शिविर की सफलता में बीपीएम शकुंतला पाल, बीसीपीएम राजीव सिंह, फार्मासिस्ट अशोक कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर विपिन कुमार, स्टाफ नर्स लक्ष्मी, अखविंदर, नेहा, तथा एएनएम प्रज्ञा, अनीता देवी, मेघा का विशेष योगदान रहा। लाभार्थियों को शिविर तक लाने और घर तक पहुंचाने के लिए काशीनाथ (ईएमई) द्वारा 102 एंबुलेंस सेवा की व्यवस्था की गई थी।

# महिलाओं कोआत्म सुरक्षा व साइबर अपराध से बचने को किया जागरूक

**बीसलपुर।** नगर के देवस्थलम बारात घर में महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित हुई गोष्ठी में महिलाओं को साइबर अपराध से बचने व आत्म सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए एसकेजेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मीना कुमारी ने कहा कि महिलाओं को आत्म सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से जागरूक रहना चाहिए। बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अर्चना चौहान ने कहा नारी शक्ति का विकास होगा तभी देश



विकसित राष्ट्र बनेगा। कार्यक्रम आयोजक बबीता सक्सेना ने कहा है कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे व्यापार फैंस क्लब के जिला अधक्षप्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को पीछे ले जानेवाले रीति-रिवाजों और परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए।हिंदू महासभा महिला इकाई की जिला अध्यक्ष बिंदु सिंह ने कहा कि महिलाएं समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

हिंदू महासभा की जिला महामंत्री कविता बंशवाल ने कहा कि महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए।गोष्ठी में कोतवाली के उप निरीक्षकविपिन कुमार, रवि कुमार, मनीष कुमार, महिला आरक्षी बंदना, कमल व मधु ने साइबर अपराध से बचने के तरीके बताएं।

# मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।



आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।
किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें । अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें ।

## पर्यटकों के साथ ठगी करने वाला गैंग पकड़ा

**आगरा।** आगरा में पर्यटन थाना ने टूरिस्ट ठगी गैंग का भंडाफोड़ किया। गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पर्यटकों की शिकायत के बाद पुलिस ने रेकी कर गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। थाना पर्यटन प्रभारी रूबी सिंह ने ताजमहल और आगरा किला पर पर्यटकों के साथ ठगी करने वाले गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। टूरिस्ट ठगी गैंग के सदस्य ताजमहल और आगरा किला के आसपास घूमते रहते हैं। पर्यटक को घेर कर अपने साथ घुमाने के बहाने ले जाते हैं। एतिहासिक इमारतों को दिखाने की बजाय गैंग के सदस्य पर्यटकों को दुकानों या एंपोरियम पर ले जाते थे। वहां शॉपिंग करने का दबाव बनाते थे।

## 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार



**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 299/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 25,000 रुपये की धनराशि के इनामिया एक वांछित अभियुक्त- अभिषेक विश्वकर्मा पुत्र कैलाश नारायण विश्वकर्मा उम्र करीब 24 वर्ष निवासी पिसनारी कोतवाली ललितपुर ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तारी करने वाली टीम उ. नि. अरूण कुमार सिहं चौकी प्रभारी मण्डी हे. कां. मुकेश कुमार कां. लोकेन्द्र सिहं आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने एक बार फिर लौटाई मुस्कान, गुम हुए दो मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंपे



**ललितपुर ।** बार पुलिस ने लगभग 31,990. रुपये के दो गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर उनके स्वामियों के चेहरों पर खुशी लौटी। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना बार पुलिस द्वारा गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना बार पुलिस द्वारा पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के IMEI नम्बरों को रन कराया गया । सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्षलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर दो गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई , 442 वाहनों के चालान 5 सीज

## यातायात पुलिस ने रिक्रट आरक्षियों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक

ललितपुर ।पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी द्वारा पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान आरक्षियों को स्वयं यातायात नियमों हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना के साथ- साथ राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले



में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 442 वाहनों का चालान व 5 वाहनों को सीज किया गया व जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें ।दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये । शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये ।चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की ।सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया ।बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें ।वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें ।सड़क पर सदैव अपनी वायीं दिशा में चलें । वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/ईयर फोन आदि का प्रयोग न करें। ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन न चलाये । वाहन के साथ स्टंटबाजी करके न चलाये ।

# कानपुर के 100 साल पुराने मार्केट में भीषण आग

## 70 से अधिक दुकानें धू-धू कर जलीं, 2 किमी दूर तक धुआं, आग बुझाने में 10 गाड़ियां लगीं

**कानपुर।** कानपुर में बुधवार तड़के बाकरगंज बाजार में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि करीब 2 किलोमीटर दूर से धुएं का गुबार नज़र आया। आगलगी में 70 दुकानें और उसमें रखे सामान जल गए।

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उधर, तेजी से फैल रही आग से अपने सामानों को जुटाने में आसपास के अन्य दुकानदार जुटे रहे।

इस आगलगी में करीब 3 से 4 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मार्केट में अधिकतर दुकानें कपड़े, किराना आदि की हैं।

बाकरगंज कपड़ा कमेटी के अध्यक्ष मो. अमीन उर्फ मुन्ना ने बताया कि बीते 20 सालों में 8 बार बाजार में आग लगने की घटना हो चुकी है। इससे पहले 23 अप्रैल 2012 को इसी बाजार में भीषण अग्निकांड हुआ था, जिसमें 200 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गई थीं। अबसे पहले आखिरी बार 2017 में मार्केट में आग लगी थी। उन्होंने बताया- करीब 250 से अधिक किराना, फुटवियर कारोबारी व गारमेंट की दुकानें हैं। बुधवार तड़के बाकरगंज मस्जिद के आसपास की करीब 70 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गई।

आग की वजह से एक दुकान में कम से कम 5 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है। आग की वजह से कम से कम 3.50 से 4 करोड़ का अनुमानित नुकसान इस मार्केट के कारोबारियों को हुआ है।

## अलीगढ़ में खाना मांगने पर छोटे भाई की हत्या

अलीगढ़। अलीगढ़ में बड़े भाई ने छोटे भाई की फावड़े से गर्दन काटकर हत्या कर दी। वारदात के समय दोनों घर में अकेले थे। छोटे भाई ने बड़े भाई से कुछ खाने को मांगा। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। गुस्से में बड़े भाई ने उसकी गर्दन पर फावड़े से कई वार किए। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी ने चारपाई पर पड़े भाई के शव पर चादर डाला और वहीं पास में बैठ गया। गांव वालों के पूछने पर उसने कहा- छोटा भाई गिर गया था। चोट लगने से बीमार है। लेटा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही फोर्स के साथ सीओ महेश कुमार मौके पर पहुंचे। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद पूरा गांव सदमे में है। मामला बुधवार सुबह का गोंडा थाना क्षेत्र के गांव तारापुर का है। मामला अलीगढ़ के गोंडा थाना क्षेत्र के गांव तारापुर का है। यहां के रहने वाले किशन स्वरूप सारस्वत बुजुर्ग किसान हैं। परिवार में उनकी पत्नी, दोनों बेटे विवेक (24) और ललित (20) साथ में रहते थे।

# शार्ट न्यूज

## जिलाधिकारी ने किया डीसीसी का औचक निरीक्षण, स्टाफ की उपस्थिति रही संतोषजनक

पीलीभीत। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने मंगलवार सुबह 10 बजे डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल सेंटर (डीसीसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ अपनी ड्यूटी पर मौजूद पाया गया। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में दूरभाष के माध्यम से कई बीएलओ से उनके कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसआईआर सेक्शन में पहुंचे कई नागरिकों की समस्याएं भी उन्होंने सुनीं और मौके पर उनका समाधान कराया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार कश्यप सहित डीसीसी का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

## यातायात माह के तहत सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक से जागरूक हुए वाहन चालक



**पीलीभीत।** यातायात माह अभियान के तहत मंगलवार को एस.एन. इंटर कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब के छात्रों द्वारा गौहनिया चौराहा पर सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने बिना सीटबेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों को सुरक्षा नियमों के पालन की प्रेरणा दी और सीटबेल्ट लगाकर चलने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया।इसी प्रकार, बिना हेलमेट चलने वाले दोपहिया चालकों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया गया, जबकि हेलमेट पहनने वाले चालकों को सम्मान स्वरूप फूल भेंट किए गए।जिला नोडल अधिकारी इंतजार खान ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।यातायात प्रभारी राघवेंद्र सिंह चौहान ने भी उपस्थित जनों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## इंटर कॉलेज के छात्रों के दो गुटों में बेल्टों से मारपीट

### लात-घूंसे और बेल्ट से चले वार, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**पूरनपुर।** कस्बे के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के दो गुटों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में बेल्टों और लात-घूंसों से जमकर मारपीट हो गई। घटना का वीडियो दूसरे छात्रों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे हड़कंप मच गया। मामला थाना सेहराम क्षेत्र के गांव जोगाराजपुर स्थित एक इंटर कॉलेज का है। बताया जा रहा है कि किसी मामूली बात पर दो छात्रों के बीच विवाद हुआ, जो धीरे-धीरे दोनों गुटों में बदल गया। पहले एक पक्ष के छात्रों ने दूसरे छात्र की पिटाई की। कुछ देर बाद पीड़ित छात्र ने अपने साथियों को बुलाकर दूसरे पक्ष को रास्ते में घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी।इस दौरान बेल्टों, लातों और घूंसों से छात्रों पर ताबड़तोड़ वार किए गए। आसपास मौजूद अन्य छात्रों ने बीच-बचाव करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।एसआई मनोज कुमार ने बताया कि छात्र अमित कुमार की ओर से मारपीट की शिकायत दर्ज कराई गई है।

## कंगना रनोट पर राजद्रोह का केस चलेगा

**आगरा।** आगरा में कंगना रनोट के खिलाफ किसानों के अपमान और राजद्रोह का केस चलेगा। स्पेशल जज MP-MLA लोकेश कुमार की कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने कंगना के खिलाफ दायर रिवीजन याचिका स्वीकार कर ली। कोर्ट ने कहा- जिस निचली अदालत ने कंगना के केस को खारिज किया था, अब उसी कोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले 10 नवंबर (सोमवार) को कोर्ट कंगना के वकीलों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कंगना के खिलाफ बीएनएस की धारा- 356 और 152 में केस चलेगा। कंगना हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद हैं। उनके खिलाफ किसानों के अपमान और राजद्रोह का केस दायर है। उन पर राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज करने की मांग की गई थी। कंगना आज तक कोर्ट में पेश नहीं हुई हैं। उनको 6 समन जारी हो चुके हैं। दरअसल, वकील रमाशंकर शर्मा ने 11 सितंबर, 2024 को कंगना रनोट के खिलाफ कोर्ट में राजद्रोह का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की थी। इसमें आरोप लगाया था कि कंगना ने 26 अगस्त, 2024 को एक इंटरव्यू में किसानों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। इससे लाखों किसानों की भावनाओं को ठेस पहुंची।

## अखिलेश के करीबी की 4 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अखिलेश यादव के करीबी गुलशन यादव पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने कर्नलगंज के मोतीलाल नेहरू रोड स्थित उसके 4 करोड़ के मकान को कुर्क कर दिया। यह कार्रवाई थाना कुंडा में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई। यह मकान गुलशन यादव और उसकी पत्नी सीमा के नाम पर संयुक्त रूप से है। प्रतापगढ़ पुलिस बुधवार शाम फोर्स के साथ गुलशन यादव के मकान पर पहुंची। इसके बाद डुगडुगी बजवाकर मकान कुर्की की कार्रवाई की गई। बोर्ड लगवाकर नोटिस भी चस्पा किया गया। पुलिस की जांच के मुताबिक, गुलशन यादव ने इस मकान को अपराध की कमाई से बनवाया है। गुलशन यादव पर पुलिस ने एक लाख का इनाम रखा है। पुलिस ने उसकी अवैध कमाई से अर्जित मानी जा रही संपत्ति की जांच रिपोर्ट शासन को भेजी थी। इसमें सामने आया कि प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू रोड स्थित गुलशन यादव का मकान अपराध की कमाई से खरीदा गया है। इसके बाद जिला मजिस्ट्रेट ने 4 करोड़ 10 लाख रुपए संपत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी किया।

## मथुरा में ड्यूटी पर उप निरीक्षक का निधन

मथुरा। मथुरा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन पदयात्रा के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस उप निरीक्षक बोहरा का बुधवार को निधन हो गया। उन्हें अचानक सीने में दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। उप निरीक्षक बोहरा पुत्र साहब सिंह, मूल रूप से थाना राया क्षेत्र के गांव पीरीगढ़ी, मथुरा के निवासी थे। वर्तमान में वे जनपद एटा के अलीगंज थाने में तैनात थे। उन्हें विशेष ड्यूटी के तहत मथुरा बुलाया गया था, जहां उन्हें पदयात्रा के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार को उप निरीक्षक बोहरा पुलिस लाइन मथुरा में अपनी आमद दर्ज कराने के बाद अपने सहकर्मियों के साथ मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। दर्द बढ़ने पर साथी पुलिसकर्मियों ने बिना देरी किए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उप निरीक्षक बोहरा को मृत घोषित कर दिया।

## आगरा में नाबालिग से रेप के आरोपी को उम्रकैद

**आगरा।** आगरा में नाबालिग का अपहरण और दुराचार के साथ-साथ दलित उत्पीड़न के एक संगीन मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों को कड़ी सजा सुनाई है। एडीजे-28 शिव कुमार की अदालत ने आरोपी दीपक उपाध्याय को आजीवन कारावास और 60 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं, आरोपी के पिता प्रेम पाल उपाध्याय को भी दलित उत्पीड़न, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में दो वर्ष के कारावास और 14 हजार रुपये के अर्थदंड से सजा दी गई है। मामला थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के विक्रम नगर का है। पीड़िता ने तहरीर में बताया था कि दीपक उपाध्याय ने उसे शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया और करीब दो साल तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने उसे कई बार शादी का भरोसा दिया लेकिन 7 मार्च 2022 को सुबह करीब 11 बजे बोदला चौराहा पर छोड़कर फरार हो गया।

